प्रसारण

# स्वच्छता क्रांति ने रचा इतिहास : 1001 रांगोली के

## महिला समूहों, नागरिकों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं आदि ने रांगोली



**प्रसारण न्यूज़ • रतलाम**

कलेक्टर व नगर निगम प्रशासक गोपालचंद्र डाड के निर्देश और निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के कुशल मार्गदर्शन में स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत रतलाम शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के प्रयास तेजी से जारी है। इन्हीं प्रयासों के चलते कचरामुक्त स्थानों के साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर रांगोली निर्माण कर नागरिकों को स्वच्छता का स्वच्छता का संदेश दिया गया है। इस अभियान में समूचे शहर को जोड़ते हुए 31 मार्च बुधवार को रतलाम नगर के विभिन्न इलाकों में एक हजार एक रांगोली का निर्माण कर नागरिकों ने रांगोली निर्माण में भी नम्बर-1 बना दिया है। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने जानकारी देते हुए बताया कि रतलाम शहर को स्वच्छता रैंकिंग 5 स्टार में लाने के लिए रतलाम नगर निगम ने दावेदारी की है और इसके मापदण्डों को भी पूरा किए जाने के प्रयास सतत जारी है। इसी के तहत रतलाम शहर के 49 ही वार्ड जीरो वेस्ट में तब्दिल किए जा चुके है। पिछले दिनों नई दिल्ली से रांगोली को देश में विशेष अलर्ट घोषित किया गया है जो शहरवासियों के लिए गर्व का विषय है। इसी कड़ी में आगामी 31 मार्च को शहर में एक हजार एक रांगोली का लक्ष्य रखा गया था। इस लक्ष्य के तहत बुधवार को अपने कार्यालय, घर, दुकान, पार्क, चौराहा, तिराहे इत्यादि की सफाई करवाकर विभिन्न उद्देश्यों को दर्शित कर रांगोली बनवाई गई ताकि पूरे नगर में स्वच्छता के प्रति सुन्दर भाव जागे।

इसी लक्ष्य की पूर्ति के लिए रतलाम के एक दर्जन महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ी करीब 100 सदस्यों का चयन किया। इसी के साथ महिला एवं बाल विकास विभाग से समन्वय कर नगर की 150 से ज्यादा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं का चयन कर उन्हें अपनी क्षेत्र की महिलाओं और बालिकाओं के माध्यम से रांगोली निर्माण का दायित्य सौंपा गया। इसके साथ ही सफाई मित्र समूह की टीम भी अलर्ट रही।

सुबह सात बजे से रांगोली निर्माण की शुरुवात स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह के मार्गदर्शन में नगर निगम कार्यालय से की गई। इसके बाद शहर के अनेक इलाकों में रांगोली निर्माण का कार्य शाम सात बजे तक जब तक चलता रहा कि जब तक 1001 रांगोली का लक्ष्य पूरा नहीं हो गया।

**निगम के 15 वाहन चालक से होगी वसूली: नौकरी के दौरान वाहन से गायब हुए थे कई पार्ट्स**

# स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 से पहले कचरा वाहन कंडम बनाने की वसूली एक लाख

पत्रिका
न्यूज पंच

आशीष पाठक
patrika.com

रतलाम. स्वच्छता की दौड़ में अव्वल आने की तैयारी के बीच नगर निगम ने कचरा संग्रहण वाहनों से पार्ट्स गायब होने के मामले में करीब 15 चालकों से वसूली का आदेश जारी कर दिया है। शहर के 49 वार्डो में जाने वाले इन वाहनों को अनफिट बताया जा रहा था, लेकिन उज्जैन से आई एक कंपनी की जांच में पाया गया कि वाहन पूरी तरह चलने लायक थे, लेकिन इनके पार्ट्स गायब किए जा रहे थे, जिससे वाहन वार्डो में नहीं जा पाए और कचरा संग्रहण व्यवस्था भी सवालों के घेर में आ गई, कंपनी की रिपोर्ट पर अब कार्रवाई हो रही है।

नगर निगम में काम करने वाले 15 वाहन चालकों से अप्रेल माह के वेतन में 1.07 लाख रुपए की रिकव्री होगी। इस संबंध में जांच के बाद निर्णय ले लिया गया है। यह वे कर्मचारी है जिनके आधिपत्य में अलग-अलग सरकारी वाहन रहे व उनके कई पार्ट्स जून से लेकर जुलाई माह में गायब हुए व वाहन चलने के बजाए खड़े हो गए। अगस्त माह में जब बाहर की कंपनी सुधार के लिए आई तो यह सामने आया कि इन वाहनों के बंद होने का कारण इनका खराब होना नहीं, बल्कि इनमें से पार्ट्स गायब होना है। इसके बाद बुधवार को नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने 15 चालकों के वेतन में से रिकवरी करने के आदेश जारी कर दिए है।



## करीब 15 वाहनों से गायब हुए थे पार्ट्स

अलग-अलग कुल 17 खराब वाहन में से 15 वाहन में संसाधन कम पाए गए। जो संसाधन कम पाए गए इनमे प्रमुख रुप से बैटरी, टर्मिनल, डीजल पाइप, फ्यूज बॉक्स, चाबी स्वीच, 2 टायर, एयर फिल्टर, सेल्फ, रिले आदि शामिल है। इनमे बैटरी की कीमत 5200 रुपए, सेल्फ की कीमत 6000 रुपए है। बड़ी बात यह सभी 15 वाहन में से बैटरी व टर्मिनल गायब पाए गए। दो टायर की 20 हजार रुपए कीमत आंकी गई है।

## अगस्त 2020 में कराई गई थी जांच

अगस्त 2020 में उज्जैन की कंपनी निलेश इंटरप्राइजेस को बुलाया गया था। कंपनी के अधिकारियों ने वाहनों की जांच की व जो रिपोर्ट प्रस्तुत की उसके अनुसार वाहन में खराबी नहीं थी। असल में यह सभी कचरा संग्रहण वाहन थे जो शहर में प्रतिदिन कचरा डोर टू डोर लेने का कार्य करते है। नगर निगम ने वाहन में संसाधन चोरी होने को स्वच्छता कार्य को प्रभावित करने वाला माना। इसके बाद उज्जैन की कंपनी की रिपोर्ट के बाद अब रिकव्री करने का निर्णय लिया है।

## कई पार्ट्स ही गायब कर दिए

अगस्त 2020 में निजी कंपनी ने जांच करके बताया की कचरा संग्रहण वाहन खराब नहीं हुए बल्कि इनमे कई पार्ट्स ही गायब कर दिए गए। इससे शहर में डोर टू डोर कचरा संग्रहण कार्य प्रभावित हुआ है। इसलिए इन कर्मचारियों के वेतन में से 1.07 रुपए रिकव्री करने का निर्णय लेकर आदेश जारी कर दिए गए है। - **सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

## इन चालकों से की जाएगी रिकव्री

नगर निगम के मुताबिक, वाहन चालक रुपेश चांवरे, निर्मल कुमार, जितेंद्रसिंह, राकेश कुमार, जितेंद्र सिंघल, राहुल कुमार, नवीन, साहिर, वसीम, देवकरण, मनीष डागर, मनोज, रामभजन, सुंदर शामिल है। एक चालक का नाम फिलहाल नगर निगम के पास भी उपलब्ध नहीं है। पत्रिका।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–स्वदेश–––––पृष्ठ ..12.. दिनांक..01/04/...2021

# दीनदयाल अंत्योदय योजना नवगठित 29 नगरीय निकायों में भी होगी लागू

## मंत्रि-परिषद की बैठक




**भोपाल ● 31 मार्च ( ब्यूरो )** मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में दीनदयाल अंत्योदय योजना- शहरी आजीविका (डे-एनयूएलएम) का प्रदेश की 378 नगरीय निकायों से विस्तार करते हुए, नवगठित 29 नगरीय निकायों में भी लागू करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

मंत्रि-परिषद ने तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के अंतर्गत इंजीनियरिंग एवं पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों के शिक्षकों एवं अन्य स्टाफ को भारत सरकार के राजपत्र एक मार्च 2019 में प्रकाशित अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा अनुशंसित सातवां वेतनमान एवं कैरियर संवर्धन स्कीम का लाभ विशेष भत्तों को छोड़कर एक जनवरी 2016 से देने का अनुमोदन किया।

**वाणिज्यिक कर विभाग-** मंत्रि-परिषद ने वाणिज्यिक कर विभाग की वार्ड नं.22 आम्बेडकर चौक, जिला बालाघाट स्थित परिसम्पत्ति के निर्वर्तन के लिए एच-1 निविदाकार की उच्चतम निविदा मूल्य राशि 8 करोड़ 80 लाख रुपए का अनुमोदन करते हुए निविदाकार द्वारा निविदा मूल्य राशि 100 प्रतिशत जमा करने के बाद अनुबंध/रजिस्ट्री के निष्पादन की कार्यवाई जिला कलेक्टर द्वारा करने का निर्णय लिया गया।

**विकास निधि की व्यवस्था-** मंत्रि-परिषद ने राष्ट्रीय उद्यानों, अभयारण्यों, चिड़ियाघरों के लिए राज्य शासन के आदेश 9 जुलाई 2008 द्वारा गठित विकास निधि की व्यवस्था के संबंध में वित्त विभाग एवं गाइड लाइन अनुसार निर्णय लेने का अनुमोदन किया।

**18 अस्थायी पद-** मंत्रि-परिषद ने मध्यप्रदेश वाणिज्यिक कर अपील बोर्ड के लिए सृजित 18 अस्थायी पदों को एक अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2022 तक निरंतर रखने का निर्णय लिया।

## कोरोना संक्रमण रोकने के लिए सीएम शिवराज का कड़ा कदम

# रंगपंचमी पर गेर, चल समारोह पर रहेगा प्रतिबंध

**◆ मास्क न पहनने वालों के साथ करें सख्ती, अधिकारियों-कर्मचारियों से भी वसूलें जुर्माना ◆ प्रदेश में लॉक डाउन सिर्फ रविवार को ही रहेगा**

प्रसारण न्यूज़ ◆ भोपाल

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मास्क न पहनने वालों के साथ सख्ती करें। कार्यालयों में अधिकारी-कर्मचारी, यदि मास्क नहीं लगाते हैं, तो उनसे भी जुर्माना वसूला जाए। लॉक डाउन को लेकर उन्होंने साफ किया कि यह सिर्फ रविवार को ही रहेगा। भोपाल, इंदौर, जबलपुर, बैतूल, छिंदवाड़ा, खरगोन और रतलाम शहर में स्कूल-कॉलेज 15 अप्रैल तक बंद रहेंगे। उन्होंने कहा कि कोरोना के मरीजों के लिए अस्पतालों में पूरी व्यवस्थाएं बनाकर रखी जाएं। कोरोना संक्रमण की स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री ने बुधवार को साढ़े चार घंटे समीक्षा बैठक की।



कैबिनेट के बाद वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई बैठक में उन्होंने जिलेवार कलेक्टरों से संक्रमण की स्थिति और रोकथाम के उपाय के बारे में जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टरों से लाकडाउन लगाने को लेकर फीडबैक लिया गया तो भोपाल, इंदौर, जबलपुर सहित अन्य जिलों के कलेक्टरों ने इसकी आवश्यकता से इन्कार किया। समीक्षा की शुरुआत प्रदेश में सबसे ज्यादा संक्रमण वाले इंदौर शहर से हुई।

इसके बाद मुख्यमंत्री ने भोपाल कलेक्टर अविनाश लवानिया से बात की। संक्रमण रोकने के लिए जिलों से मांगे सुझाव इंदौर, भोपाल, खरगोन और जबलपुर में स्वयंसेवी संस्थाओं को अभियान से जोड़ने व माइक्रो कंटेंटमेंट जोन बनाकर संक्रमण पर नियंत्रण करने के निर्देश दिए।

चौहान ने संक्रमण रोकने के लिए जिलों से सुझाव भी मांगे और आपदा प्रबंधन समूह से चर्चा कर निर्णय लेने के साथ अस्पतालों में बिस्तर, ऑक्सीजन, वेंटीलेटर सहित अन्य जरूरी सामग्री का पुख्ता इंतजाम करके रखने के लिए कहा। जिलों में एहतियात बैठक में रतलाम कलेक्टर ने बताया कि रेलवे प्रशासन से यात्रियों के मोबाइल नंबर लेकर समझाइश देने का प्रयोग किया है। उन्हें आइसोलेट रहने को भी कह रहे हैं।

धार कलेक्टर ने बताया कि मंडी में दस हजार मास्क बांटे हैं। भोपाल संभागायुक्त ने बताया कि बिस्तर की संख्या बढ़ाने और जांच रिपोर्ट जल्द लाने की व्यवस्था की जा रही है। खंडवा कलेक्टर की सराहना रीवा कलेक्टर ने बताया कि इलाज की पर्याप्त व्यवस्था है। तीन अप्रैल को शिविर लगाकर टीकाकरण करेंगे।

सीहोर कलेक्टर ने बताया कि भगोरिया आयोजन नहीं हुआ। शाजापुर कलेक्टर ने बताया कि शहरी क्षेत्र से ज्यादा मामले आ रहे हैं। आपदा प्रबंधन समूह के सहयोग से होली पर्व सादगी से मनाया गया। 80 फीसद संक्रमित होम आइसोलेशन में हैं। खंडवा कलेक्टर ने बताया कि 24 फीसद संक्रमित हैं। पर्व पर नियंत्रण रहा और मास्क न लगाने पर 69 लाख रुपये जुर्माने के रूप में वसूले गए। मुख्यमंत्री ने महाराष्ट्र का सीमावर्ती जिला होने पर भी अच्छे नियंत्रण पर पीठ थपथपाई। इस दौरान झाबुआ, बड़वानी, बैतूल, ग्वालियर की भी समीक्षा की गई।

**महाराष्ट्र से बसों की आवाजाही 15 अप्रैल तक रहेगी बंद-** कोरोना संक्रमण की स्थिति को देखते हुए महाराष्ट्र से बसों के आने-जाने पर प्रतिबंध 15 अप्रैल तक बढ़ा दिया है। इस दौरान न तो मध्य प्रदेश से कोई बस वहां जाएगी और न ही महाराष्ट्र से मध्य प्रदेश के लिए बसों का संचालन होगा। यह प्रतिबंध अभी 31 मार्च तक है।

**जागरूकता के लिए यमराज बनकर निकलें-** बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण से जनता को जागरूक करने के लिए यमराज बनकर सड़कों पर निकलें। पिछले साल संक्रमण से लोगों को जागरूक करने के लिए इस तरह के प्रयोग किए गए थे।

## जावरा में आठ नए कोरोना पाजिटिव

जावरा। शासकीय अस्पताल के एंटीजन रैपिड टेस्ट में बुधवार को सात नए पाजिटिव आए। इसमें जनता कालोनी की एक महिला, छोटा मालीपुरा के एक पुरुष, पूनम विहार कालोनी की एक महिला, नरसिंहपुरा के एक पुरुष, महावीर काम्प्लेक्स की एक महिला, रिद्धी-सिद्धी कालोनी की एक महिला, ग्राम सादाखेड़ी की एक महिला की रिपोर्ट शामिल है। वहीं रतलाम मेडिकल कालेज से बुधवार को नगर के नाईगली के एक पुरुष की रिपोर्ट पाजिटिव आई है। बीएमओ डा. दीपक पालड़िया ने बताया कि बुधवार को सरकारी अस्पताल के एंटीजन रैपिड टेस्ट में 39 लोगों के सैंपल की जांच की गई। इसमें से सात पाजिटिव व 32 लोगों की रिपोर्ट निगेटिव आई है। मार्च माह में 31 मार्च तक 95 नए पाजिटिव आ चुके हैं। एक माह में इतने पाजिटिव आने से आमजन अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, वहीं पाजिटिव आने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इससे प्रशासन भी चिंतित है।

## अब 45 वर्ष से अधिक उम्र का कोई भी व्यक्ति लगवा सकता है टीका

बीएमओ डा. पालड़िया ने बताया कि सरकारी अस्पताल में टीकाकरण केंद्र पर बुधवार को 110 लोगों को कोविशिल्ड वैक्सीन के टीके लगाए गए। वहीं केरवासा केंद्र पर 45, रेवास केंद्र पर 30, ढोढर केंद्र पर 36, बड़ावदा केंद्र पर दो, मुंडलाराम केंद्र पर दो, हाटपिपलिया केंद्र पर सात लोगों ने कोविशिल्ड वैक्सीन के टीके लगाए। शासन के नए निर्देशानुसार अब 45 वर्ष से अधिक किसी उम्र के लोग कोविशिल्ड वैक्सीन का टीका लगवा सकते हैं। इसमें संबंधित को कोई बीमारी होना आवश्यक नहीं है। प्रशासन के अमले के कंटेनमेंट प्रभारी इमरानुद्दीन कुरैशी ने बताया कि बुधवार को नगर के गुरुनानक मोहल्ला, पटेल नगर, शास्त्री कालोनी, तिलक नगर में नवीन कंटेनमेंट क्षेत्र बनाए। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के सदस्यों ने कंटेनमेंट क्षेत्रों के रहवासियों की जांच कर जानकारी भी ली। नगर पालिका के दल ने बुधवार को नगर के विभिन्न मोहल्लों में बिना मास्क पहने वाहन चालकों, बिना मास्क पहने पैदल व दुकानदारों को मास्क पहनने की समझाइश दी। वहीं चालानी कार्रवाई कर अर्थदंड के रूप में 100-100 रुपये वसूल किए।

संकलन-नगर निगम, रतलाम अखबार राज एक्सप्रेस पृष्ठ 06 दिनांक 01/04/2021

## अनुपस्थित 27 सफाई संरक्षकों का वेतन काटा

रतलाम। निगम के चारो झोन के वार्डो की सफाई कार्य के निरीक्षण के दौरान नगर के विभिन्न वार्डो में 27 सफाई संरक्षकों द्वारा बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर अस्थाई कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त करने व स्थाई कर्मचारियों को निलंबित किये जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

## 739 मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा

रतलाम। नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़को, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को दिन में पकड़े जाने के साथ ही निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा अब रात्री में भी मवेशियों को पकड़ा जायेगा क्योंकि मवेशी पालको द्वारा दिन में मवेशियों को बांधकर रखा जाता है तथा रात्रि में खुला छोड़ दिया जाता है जिससे शहर में गंदगी होती है। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा 13 अक्टूबर से अभियान चलाया गया तथा 27 मार्च तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 739 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 27 मार्च शनिवार को गांधी नगर व इन्द्रलोक नगर से 2 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गये।

## अनुपस्थित 27 सफाई संरक्षकों का वेतन काटा

रतलाम। निगम के चारो झोन के वार्डो की सफाई कार्य के निरीक्षण के दौरान नगर के विभिन्न वार्डो में 30 मार्च मंगलवार को 27 सफाई संरक्षकों द्वारा बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर अस्थाई कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त करने व स्थाई कर्मचारियों को निलंबित किये जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

## गैर-हाजिर मिले 30 सफाई कर्मचारियों का वेतन काटा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

सफाई व्यवस्था से बुधवार को फिर चार जोन के 30 सफाई कर्मचारी अनुपस्थित मिले। पड़ताल करने पर पता चला किसी ने विधिवत सूचना देकर छुट्टी नहीं ली थी।

इस लापरवाही पर आयुक्त सोमनाथ झारिया ने सभी का एक दिन का वेतन काटने के आदेश दिए हैं। उधर स्वास्थ्य अमले ने बुधवार को जवाहर नगर, अलकापुरी शनि मंदिर से 2 मवेशी पकड़कर गोशाला भिजवाए।

## अनुपस्थित 27 सफाई संरक्षकों का वेतन काटा कारण बताओ नोटिस

रतलाम। निगम के चारो झोन के वार्डो की सफाई कार्य के निरीक्षण के दौरान नगर के विभिन्न वार्डो में 30 मार्च मंगलवार को 27 सफाई संरक्षकों द्वारा बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर अस्थाई कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त करने व स्थाई कर्मचारियों को निलंबित किये जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

## निगमायुक्त को बताई समस्याएं

रतलाम। शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया एवं युवक कांग्रेस अध्यक्ष मयंक जाट एवं कांग्रेस नेत्री कुसुम चाहर द्वारा वार्ड क्रमांक 9 की विभिन्न समस्याओं को लेकर नगर निगम कमिश्नर सोमनाथ झारिया को ज्ञापन दिया गया। इसमें मुख्य रूप से 80 फीट रोड की खस्ता हालत एवं अंधेरे में होने वाली दुर्घटनाओं से अवगत कराया गया। शुभम परिसर से निकलने वाली सीवरेज लाइन को मुख्य लाइन में जोड़ने हेतु एवं त्रिमूर्ति नगर में नाली का पानी सड़क पर बहने से रोकने हेतु तथा सज्जन मिल की चाल में पीने के पानी की लाइन को मुख्य पानी की लाइन से जोड़ने हेतु एवं शक्ति नगर में नालियों की सफाई तथा सुदामा नगर बड़बड़ में मुख्य सड़क पर पानी का भराव व नालियों को बनवाने हेतु व अन्य सभी जन समस्याओं से अवगत कराया गया। कमिश्नर ने समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद वंदना पुरोहित, अनिल पुरोहित आदि उपस्थित थे।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– नवभारत –पृष्ठ 10 दिनांक 01/04/2021

# महाराणा प्रताप की प्रतिमा के छतिग्रस्त भाले को सुधारने ने की मांग की

रतलाम। श्री राजपूत नवयुवक मण्डल, न्यास के पदाधिकारियों ने महाराणा प्रतापचौक (सैलाना बसस्टेण्ड) पर स्थापित महाराणा प्रताप की प्रतिमा के छतिग्रस्त भाले को सुधारने अथवा बदलने जाने की मांग को लेकर नगर पालिक निगम में निगमायुक्त के नाम उपायुक्त विकास सोलंकी को ज्ञापन सौंपा।



सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि निगम द्वारा पहले भी इस भाले को वैल्डींग से सुधारा गया था। यह फिर से टेढ़ा हो होकर गिरने जैसी स्थिति में हो गया है। भाला वजनी है कोई दुर्घटना हो इसके पहले इसे जल्दी से जल्दी सुधारने का कार्य किया जाने की मांग ज्ञापन के माध्यम से की गई। इस अवसर पर न्यास-अध्यक्ष राजेन्द्रसिंह गोयल, मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्रसिंह देवड़ा, टिकमसिंह सोलंकी, राजेन्द्रसिंह पंवार, सुरेशसिंह चावड़ा, मनोहरसिंह चौहान, देवीसिंह राठौर आदि पदाधिकारी मौजूद थे।



# निगमायुक्त के नाम राजपूत समाज ने सौंपा ज्ञापन

## महाराणा प्रताप की विशाल प्रतिमा के क्षतिग्रस्त भाले को सुधारने ने की मांग

प्रातारण न्यूज़ • रतलाम

श्री राजपूत नवयुवक मण्डल, न्यास के पदाधिकारियों ने महाराणा प्रताप चौक (सैलाना बस स्टेण्ड) पर स्थापित महाराणा प्रताप की विशाल प्रतिमा के क्षतिग्रस्त भाले को सुधारने अथवा बदलने जाने की मांग को लेकर नगर पालिक निगम में निगमायुक्त के नाम उपायुक्त विकास सोलंकी को एक ज्ञापन सौंपा।

इसमें बताया कि निगम द्वारा पहले भी इस भाले को वैल्डिंग से सुधारा गया था, यह फिर से टेढ़ा हो होकर गिरने जैसी स्थिति में हो गया है। भाला वजनी है कोई दुर्घटना हो, इसके पहले इसे जल्दी से जल्दी सुधारने का कार्य किया जाए।

इस अवसर पर न्यास-अध्यक्ष राजेन्द्रसिंह गोयल, मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्रसिंह देवड़ा, टिकमसिंह सोलंकी, राजेन्द्रसिंह पंवार, सुरेशसिंह चावड़ा, मनोहरसिंह चौहान, देवीसिंह राठौर आदि पदाधिकारी मौजुद थे।

# राजपूत समाज ने निगम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

रतलाम। श्री राजपूत नवयुवक मण्डल, न्यास के पदाधिकारियों ने महाराणा प्रतापचौक (सैलाना बस स्टेण्ड) पर स्थापित महाराणा प्रताप की विशाल प्रतिमा के छतिग्रस्त भाले को सुधारने अथवा बदलने जाने की मांग को लेकर नगर पालिक निगम में निगमायुक्त के नाम उपायुक्त विकास सोलंकी को एक ज्ञापन सौंपा। इसमें बताया कि निगम द्वारा पहले भी इस भाले को वेल्डिंग कर सुधारा गया था। यह फिर से टेढ़ा हो होकर गिरने जैसी स्थिति में हो गया है। भाला वजनी है कोई दुर्घटना हो इसके पहले इसे जल्दी से जल्दी सुधारने का कार्य किया जाए।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–पिपुल्स –––पृष्ठ 04 दिनांक 31/03/2021

# घर, दुकान, पार्क में रंगोली के माध्यम से दें स्वच्छता का संदेश : निगमायुक्त

## आज मनाया जाएगा रतलाम स्वच्छता महोत्सव

पीपुल्स संवाददाता ● रतलाम
मो.नं. 9425195101

कलेक्टर व नगर निगम प्रशासक गोपालचंद डाड के निर्देश और निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के मार्गदर्शन में स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत रतलाम शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के प्रयास तेजी से जारी हैं। इन्हीं प्रयासों के चलते कचरामुक्त स्थानों के साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर रंगोली निर्माण कर नागरिकों को स्वच्छता का स्वच्छता का संदेश दिया गया है। इसी कड़ी में इस अभियान में समूचे शहर को जोड़ते हुए, 31 मार्च को रतलाम स्वच्छता महोत्सव मनाया जा रहा है। इसमें सभी नागरिक अपनी भागीदारी निभाएंगे।

### फाइव स्टार की है दावेदारी

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि रतलाम ओडीएफ प्लस-प्लस घोषित हो चुका है। इसी के साथ रतलाम शहर को स्वच्छता रैंकिंग 5 स्टार में लाने के लिए रतलाम नगर निगम ने दावेदारी की है और इसके मापदंडों को भी पूरा किए जाने के प्रयास सतत जारी हैं। इसी के तहत रतलाम शहर के 49 ही वार्ड जीरो वेस्ट में तब्दील किए जा चुके हैं।

रतलाम शहर को स्वच्छता की दौड़ में नंबर-1 बनाने के प्रयासों के चलते ही गत अक्टूबर माह से कचरा मुक्त स्थलों पर रंगोली का निर्माण कराया जा रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम मिले हैं और सफाई के प्रति लोगों की सोच भी सकारात्मक होने लगी है। पिछले दिनों नई दिल्ली से रंगोली को देश में विशेष अलर्ट घोषित किया गया है, जो शहरवासियों के लिए गर्व का विषय है। इसी कड़ी में 31 मार्च को शहर में रतलाम स्वच्छता महोत्सव मनाया जा रहा है।

श्री झारिया ने नागरिकों से आग्रह किया है कि 31 मार्च बुधवार को अपने कार्यालय, घर, दुकान, पार्क, चौराहा, तिराहे इत्यादि की सफाई करवाकर विभिन्न उद्देश्यों को दर्शित कर रंगोली डालें, जिससे पूरे नगर में स्वच्छता के प्रति सुन्दर भाव जागे। रतलाम नगर को पूरे देश में नंबर 1 बनाने के लिए शहर के सभी वार्डों को कचरा मुक्त बनाकर ही रैंकिंग प्राप्त की जा सकती है।

संकलन—नगर निगम, रतलाम अखबार—दै. भास्कर—पृष्ठ 16 दिनांक 01/04/2021

**हालात विस्फोटक** प्रदेश में 2332 नए संक्रमित, इसलिए सख्ती बढ़ी, लेकिन लॉकडाउन रविवार को ही रहेगा

# रतलाम सहित 7 शहरों में 15 अप्रैल तक सभी स्कूल-कॉलेज बंद रहेंगे

**सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं पर तीन महीने तक एस्मा लगाया, ताकि मरीजों को इलाज में बाधा न आए | महाराष्ट्र बॉर्डर 15 अप्रैल तक सील 15 हजार कोरोना बेड बढ़ाए जाएंगे, भोपाल में 499 नए केस**

भास्कर संवाददाता | भोपाल

प्रदेश में कोरोना से हालात विस्फोटक हो गए हैं। बुधवार को राजधानी में 499 तो प्रदेश में 2332 नए संक्रमित मिले। इसलिए सरकार ने महाराष्ट्र-मप्र बॉर्डर सील कर दिया है। यहां से 15 अप्रैल तक कोई भी बस न आ सकेगी, न जा सकेगी। भोपाल, इंदौर, बैतूल, जबलपुर, छिंदवाड़ा, खरगोन, रतलाम में 15 अप्रैल तक स्कूल-कॉलेज बंद कर दिए गए हैं। कोरोना समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्पष्ट कर दिया कि संडे लॉकडाउन के अलावा और कुछ नहीं होगा। रंगपंचमी पर गेर, चल समारोह नहीं होंगे। उन्होंने सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि कोरोना मरीजों की एक महीने की संभावित संख्या का आकलन कर बेड बढ़ाएं। प्रदेश में अभी आइसोलेशन, ऑक्सीजन और आईसीयू बेड 20139 हैं। सरकार ऐसे 15482 बेड बढ़ाएगी। मंत्रालय सूत्रों ने कहा है कि 2 अप्रैल को केंद्र सरकार के सचिव कोरोना के संबंध में सभी राज्यों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग करने जा रहे हैं। इसमें केंद्र से मिले डायरेक्शन के बाद ही लॉकडाउन पर फैसला किया जाएगा।

### नया टारगेट : भोपाल में अब रोज 40 और इंदौर में 50 हजार टीके लगेंगे

बैठक में सरकार ने सभी जिलों को वैक्सीनेशन का टारगेट दिया है। जहां संक्रमित ज्यादा, वहां टीके भी ज्यादा लगेंगे। एक अप्रैल से भोपाल को अब हर दिन 40 हजार, इंदौर को 50 हजार, जबलपुर-ग्वालियर को 25-25 हजार टीके लगाने होंगे। प्रदेश में एक दिन में 4.19 लाख टीके लगाने होंगे।

**2 को केंद्रीय सचिव के साथ बैठक, इसके बाद होगा लॉकडाउन का फैसला**



### एस्मा सभी सरकारी व निजी संस्थाओं पर लागू रहेगा

गृह विभाग की अधिसूचना के मुताबिक प्रदेश में अगले तीन महीने तक स्वास्थ्य सेवाओं पर एस्मा लगा रहेगा। यह आदेश सभी सरकारी व निजी स्वास्थ्य एवं मेडिकल संस्थाओं पर लागू होगा। इसमें डॉक्टर, नर्स, अस्पताल का पूरा स्टाफ, एंबुलेंस सेवा, पानी-बिजली की आपूर्ति आदि बिना बाधा के लिए सुचारू रहेंगे।

## रतलाम में 31 दिन में ही मिले 1080 संक्रमित

रतलाम | मार्च का महीना कोरोना मामले में बहुत बुरा साबित हुआ है। आखिरी दिन भी 84 पॉजिटिव सामने आए, इसी के साथ 31 दिन में 1080 संक्रमित मिल गए हैं। कोरोना काल में 1 महीने में मिले संक्रमित का यह अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। इससे पहले नवंबर में 1017 पॉजिटिव सामने आए थे। इस महीने का आंकड़ा चौंकाने वाला इसलिए भी है, क्योंकि संक्रमित की संख्या 9 मार्च से बढ़ना शुरू हुई थी। पहले 20, 50 तो अब 70 से 80 पॉजिटिव सामने आ रहे हैं। बुधवार को संक्रमितों में 3 और 7 साल के दो बच्चे और 80 साल से ज्यादा उम्र के 3 बुजुर्ग भी शामिल हैं।

## इधर, इंदौर शहर में लंबे लॉकडाउन की नौबत नहीं

इंदौर | बुधवार को शहर में 638 नए केस मिले, दो लोगों की मौत हो गई। हालांकि मुख्यमंत्री के साथ कलेक्टर्स की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में साफ हो गया है कि इंदौर में अभी लॉकडाउन लगाने जैसी स्थिति नहीं है। कलेक्टर मनीष सिंह ने मुख्यमंत्री को बताया कि प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने बेड का मैनेजमेंट किया है इसलिए लॉकडाउन की जरूरत नहीं है। उन्होंने बताया कि रंगपंचमी पर गेर, जुलूस, सार्वजनिक रूप से रंग खेलना, समूह में घूमना, अनावश्यक आवाजाही पर भी प्रतिबंध रहेगा। बाजार पहले की तरह ही रात 9 बजे सख्ती से बंद किए जाएंगे। गुरुवार से मास्क नहीं लगाने वालों को जुर्माने के साथ कुछ घंटे के लिए खुली जेल में भेजा जाएगा।

# एक हजार से अधिक स्थान पर बनाई रांगोली



रतलाम. स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 के अंतर्गत शहर मे बुधवार को 1001 स्थान पर सामाजिक संगठनों ने रांगोली बनाई। सबसे अधिक रांगोली बनवाने में नंबर एक पर सामाजिक कार्यकर्ता सोफिया ने 100 से अधिक, पूर्व पार्षद सीमा टांक ने 80 से अधिक व वार्ड नंबर 22 के दारोगा चंदन भाटी ने 65 रांगोली बनवाई। रांगोली शहर के विभिन्न चौराहों, वार्ड की गलियों सहित प्रतिमाओं के करीब बनवाई गई। इधर, भगतपुरी में भी बच्चों ने भी उत्साह के साथ स्वच्छ भारत का संदेश रांगोली के माध्यम से दिया। देशना जैन, मिशिका जैन, गविशा जैन, आराध्या जैन ने भी रंगों से संदेश दिया।



संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार राज एक्सप्रेस पृष्ठ 14 दिनांक 01/04/2021

सीएम ने की कोरोना की जिलेवार समीक्षा, किया स्पष्ट

# प्रदेश में केवल रविवार को ही लागू रहेगा लॉकडाउन

**भोपाल ■ एजेंसी**

मध्यप्रदेश में कोरोना की थमती नहीं आ रही रफ्तार के कारण उपजी स्थितियों के बीच मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अनेक आवश्यक कदम उठाने के निर्देश देते हुए बुधवार को कहा कि राज्य में लॉकडाउन सिर्फ रविवार को ही रहेगा।



कोरोना की समीक्षा बैठक लेते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान।

श्री चौहान ने यहां कोरोना से जुड़ी स्थितियों की जिलेवार समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की। इस मौके पर राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। श्री चौहान ने कहा कि लॉकडाउन रविवार को ही रहेगा और लॉकडाउन का समय जिलों की परिस्थितियों के अनुसार शनिवार की रात्रि नौ बजे से दस बजे से स्थानीय प्रशासन कर सकेगा। यह लॉकडाउन सोमवार सुबह छह बजे तक रहेगा। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रदेश में कोरोना का संक्रमण रोकने के लिए सभी धर्म गुरुओं, सामाजिक संगठनों, समुदायों, राजनीतिक दलों, जन अभियान परिषद, एनसीसी, एनएसएस आदि सभी के माध्यम से जन जागरूकता अभियान चलाया जाए। सभी जिलों में कोरोना के उपचार के लिए बिस्तरों की संख्या यथासंभव बढ़ाई जाए तथा उपचार की उत्कृष्ट व्यवस्थाएं हों।

## महाराष्ट्र बस सेवा पर 30 अप्रैल तक बढ़ा प्रतिबंध

**सीएम बोले, रंग पंचमी पर भी कोई जुलूस या चल समारोह नहीं होगा**

**भोपाल, (प्रसं)।** कोरोना के बढ़ते संक्रमण के बीच बुधवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने महाराष्ट्र से मध्यप्रदेश आने जाने वाली बसों पर प्रतिबंध 30 अप्रैल तक बढ़ा दिया है। इसके पहले यह प्रतिबंध 30 मार्च तक के लिए लगाया गया था। श्री चौहान ने बुधवार को यहां मीडिया से चर्चा में कहा कि रंग पंचमी पर भी कोई जुलूस या चल समारोह नहीं होगा। क्योंकि यदि इसकी अनुमति दी गई तो वह घातक होगा। कोरोना संक्रमण के मामलों को देखते हुए पूरी रणनीति पर नए सिरे से विचार किया जाएगा। जहां कड़ाई की जरूरत होगी वहां और कड़ाई की जाएगी। उन्होंने प्रदेश वासियों से अपील की है कि वे टीकाकरण जरूर कराएं। इसके लिए सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक अप्रैल से 45 वर्ष से अधिक आयु वाले व्यक्तियों को टीके लगाए जाएंगे। जिन जिलों में संक्रमण अधिक है वहां टीकाकरण के लिए युद्ध स्तर पर अभियान भी चलाया जाएगा। मास्क को लेकर सख्ती होगी।

## 12-15 साल के बच्चों के लिए आ गई वैक्सीन

**फाइजर ने कहा- 100 प्रतिशत असरदार**

नई दिल्ली, एजेंसी। वैक्सीन बनाने वाली अमेरिकी कंपनी फाइजर इंक और बायोनटेक एसई ने हाल ही में 12 साल से कम उम्र के बच्चों पर वैक्सीन का ट्रायल शुरू किया था। कंपनी ने दावा किया है कि 12 से 15 साल तक के बच्चों के लिए कोरोना वैक्सीन सौ प्रतिशत असरदार है। आपको बता दें कि अमेरिका में 16 वर्ष और उससे अधिक उम्र के युवाओं को फाइजर की वैक्सीन की वैक्सीन दी जा रही है। कंपनियों को उम्मीद है कि 2022 तक टीकाकरण की उम्र को बढ़ा दिया जाएगा। भारत में फिलहाल 45 साल से अधिक उम्र और फ्रंटलाइन वारियर्स को टीके लगाए जा रहे हैं। बच्चों को टीके नहीं दिए जा रहे हैं। मॉडर्ना इंक ने भी पिछले हफ्ते ऐसी एक ट्रायल लॉन्च की थी। 6 महीने तक के बच्चे को भी टीका दिया गया था। वर्तमान में केवल वैक्सीन का उपयोग संयुक्त राज्य अमेरिका में 16- और 17 साल के बच्चों में किया जा रहा है। मॉडर्ना का शॉट 18 साल और उससे अधिक उम्र के लोगों को दिया जा रहा है। दुनिया में कोरोना का संक्रमण फिर से पैर फैला रहा है। भारत में भी इसकी रफ्तार तेज है। हालांकि महामारी के खिलाफ टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन फिलहाल बच्चों के लिए वैक्सीन के इस्तेमाल की मंजूरी नहीं दी गई है। भारत में कोवैक्सीन और कोविशील्ड के जरिए बड़े पैमाने पर टीकाकरण अभियान भी चलाया जा रहा है। २/७

# ...के माध्यम से दिया स्वच्छता का संदेश

## ...के माध्यम से इतिहास रचकर रतलाम को बनाया नम्बर-1

### इन इलाकों में सजी रंगोली

अलकापुरी, जनता नगर, नयागांव राजगढ़, अर्जुन नगर, दिलीप नगर, हनुमान ताल, रत्नपुरी, शक्तिनगर, शुभम परिसर, सहकारी कॉलोनी, दीपक नगर, सूरजमल जैन नगर, अर्जुन नगर, माहेश्वरी प्रोटीन, राजीव नगर, दिलीपनगर, सिविक सेंटर, काशी विश्वनाथ मंदिर, अमृतसागर क्षेत्र, गढ़ कैलाश, भगतपुरी, जिला अस्पताल, महिला एवं शिशु रोग गहन चिकित्सा इकाई, बाल चिकित्सालय, काटजूनगर, जवाहर नगर, दिनदयाल नगर, नगर निगम कार्यालय परिसर, साईंस एण्ड आर्ट्स कालेज, कालिका माता मंदिर परिसर, झाली तालाब, अमृतसागर तालाब क्षेत्र, वार्ड नम्बर-22 (भगतपुरी), रत्नेश्वर रोड, वार्ड नम्बर-25 ( माली कुआं) गवली मोहल्ला, भाटी का वास, लोहार पट्टी, अजा बस्ती व आसपास का इलाका, सुभाष नगर, त्रिवेणी रोड, शंकरगढ़, नया कल्याण नगर, पुराना कल्याण नगर, मस्जिदवाली गली, त्रिपोलिया गेट रोड, गढ़कैलाश, मोतीनगर, संत नगर, खेतलपुर, ईश्वर नगर गली नम्बर-1,2,3 व 4, राम रहीम नगर गली नम्बर-1 व 2, धीरजशाह नगर गली नम्बर 1,2 व 3, गोपाल नगर गली नम्बर 1 व 2, बुन्देश्वर रोड, टाटा नगर गली नम्बर- 1,2 व 3, डी डी नगर सेक्टर एक से लेकर पांच तक, श्री नगर, ओसवाल नगर, बालाजी नगर, धुनपत बिल्डिंग, गुलाबशाह वाली रोड, नवीन कलेक्टर कार्यालय, एसपी कार्यालय, डीआरपी लाईन, मोचीयान पंचायत, शैरानीपुरा-1, कैर बावड़ी, दानीपुरा, धबाईजी का वास, बाहमण गली, सोमनाथ मंदिर, हाथीखाना रोड़ सहित नगर के सभी प्रमुख चौराहे सहित 100 से ज्यादा क्षेत्रों में रंगोली का निर्माण कराया गया है।

### सतत जारी रहेगा रंगोली निर्माण

आयुक्त सोमनाथ झारिया ने इस मौके पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि स्वच्छता का प्रति जनता का आदर भाव सराहनीय है। कुछ क्षेत्रों में लोगों ने अपने घरों के बाहर रंगोली का निर्माण कर शहर के प्रति अपने स्नेह का इजहार किया है। बुधवार को एक हजार एक रंगोली निर्माण का जो लक्ष्य हुआ वो पूरा हुआ है। यह कार्य निरन्तर जारी रहेगा और जो क्षेत्र आज छूटे है उनमें भी रंगोली का निर्माण जारी रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि गंदगी सबको अलग -थलग करती है किन्तु रंगोली के माध्यम से स्वच्छता सबको एक करेगी। एकता में ही तो शक्ति है। रतलाम नगर को पूरे देश में नंबर 1 बनाने के लिए शहर के सभी वार्डों को कचरा मुक्त बनाकर ही रैंकिंग प्राप्त की जा सकती है।

### इनका रहा सहयोग

रंगोली निर्माण कार्य में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती विनिता लोढ़ा, पर्यवेक्षक प्रेरणा तोगड़े, एहतेशाम अंसारी, मंजू वर्मा, हेमा गेहलोत, ऊषा लिम्बोदिया, श्रीमती कुसुम पाल, सोफिया कुरैशी, सीमा अग्निहोत्री, ज्योति शर्मा, लोकेश जाट, वैशाली वाघेमम्बरे, गीता शर्मा, फातिमा सिद्दकी, सपना अग्रवाल, विजया देराश्री, श्रीकृष्ण महिला समूह, सफाई मित्र समूह, स्वास्थ्य विभाग के आशीष चौरसिया, स्वच्छता निरीक्षक किरण चौहान, पर्वत सडे, वार्ड 22 के दरोगा चंदन भाटी, आदि लोगों का भरपूर सहयोग और योगदान रहा है।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार दै. भास्कर --पृष्ठ 08 दिनांक 01/04/2021

**नगर निगम बजट** • अनुदान व ऋण से 1.76 अरब मिलने की आस, खुद 1.62 अरब की आय का दावा कर रहा निगम

# 3.38 अरब का बजट पास : सरकारी मेहरबानी के भरोसे विकास के काम, छह साल में सबसे कम सिर्फ 3.91 लाख रुपए की बचत

## कलेक्टर और प्रशासक गोपालचंद्र डाड ने लगाई 2021-22 के बजट पर मुहर

भास्कर संवाददाता | रतलाम

खुद की आय बढ़ाने में नाकामयाब रहा नगर निगम अब भी विकास के काम के लिए नए वित्तीय वर्ष में भी पूरी तरह सरकारी मेहरबानी पर ही निर्भर रहेगा। अच्छी बात यह है कि कोई नया कर नहीं लगाया गया है। चार दिन से चली रही फेरबदल के बाद आखिरकार बुधवार को 3.38 अरब के खर्च वाले 2021-22 के बजट पर कलेक्टर व प्रशासक गोपालचंद्र डाड ने मुहर लगा दी। इसमें सिर्फ 3.91 लाख रुपए की बचत बताई गई है, जो बीते छह साल में सबसे कम है।

इतना ही नहीं अनुमानित खर्च में से 51 प्रतिशत यानी 1.76 अरब रुपए निगम ने अनुदान और ऋण के भरोसे बताया है। इसके विपरीत खुद ने तमाम स्रोतों को मिलाकर 1.62 अरब रुपए की आय का दावा किया है।

**कर वसूली में चार साल से फिसड्डी :** नए वित्तीय वर्ष में 1.62 अरब रुपए की राजस्व आय का दावा कर रहा निगम बीते चार साल में संपत्तिकर व जलकर की वसूली एक बार भी पूरी नहीं कर पाया है। 2021 के अप्रैल से फरवरी तक के 11 माह में भी संपत्ति और जल कर का 35.2 करोड़ में से सिर्फ 12.04 करोड़ की ही वसूल पाया है। इसके पहले 2017-18 में 38.65 करोड़ के बदले सिर्फ 12.89 करोड़, 2018-19 में 41.51 करोड़ के बदले सिर्फ 13.89 करोड़ और 2019-20 में 45.52 करोड़ रुपए के मुकाबले सिर्फ 12.07 करोड़ ही कर वसूली कर पाया है।

### ऐसा है 2021-22 का बजट

**रुपए आने की उम्मीद**

| | |
|---|---|
| कुल आय | 3.3857 अरब |
| निगम स्रोत से आय | 1.62 अरब |
| अनुदान व ऋण से आय | 1.76 अरब |

**रुपए खर्च करने की तैयारी**

| | |
|---|---|
| कुल खर्च | 3.3853 अरब |
| राजस्व व्यय से | 1.33 अरब |
| पूंजीगत व्यय से | 2.05 अरब |

### जिस अनुदान के भरोसे विकास कार्य, वह दो साल से पूरा नहीं मिल पाया

| मद | 2019-20 अनुमान/मिला | 2020-21 अनुमान/मिला | 2021-22 में उम्मीद |
|---|---|---|---|
| मूलभूत विकास | 9/6.9 | 10/4.11 | 8 |
| चुंगी क्षतिपूर्ति | 60/42 | 60/36 | 55 |
| स्टॉम्प ड्यूटी | 8/0.80 | 8/2 | 8.50 |
| राज्य वित्त आयोग | 3/2.4 | 3/0.90 | 3 |
| सड़क अनुरक्षण | 4/2.80 | 4/1.68 | 4 |

(आंकड़े करोड़ में)

### 6 साल से लगातार घट रही निगम की बचत

| साल | बचत |
|---|---|
| 2021-22 | 3.91 लाख |
| 2020-21 | 24.54 लाख |
| 2019-20 | 38.20 लाख |
| 2018-19 | 1.39 करोड़ |
| 2017-18 | 4.28 करोड़ |
| 2016-17 | 1.42 करोड़ |

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नईदुनिया–पृष्ठ 17 दिनांक 01/04/2021

# मार्च में सामने आए 1098 रिकार्ड मरीज, 10 की मौत भी हुई

## रतलाम में कोरोना कहर ● बाजार में शारीरिक दूरी का पालन नहीं करने से बिगड़ रहे हालात, सख्ती का डंडा चलाना जरूरी

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में बढ़ते कोरोना संक्रमण से हालात बिगड़ते जा रहे हैं। मार्च माह में हर दिन अलग-अलग क्षेत्रों से नए मरीज सामने आए हैं। इसके बाद भी बाजार में आमजन लापरवाही बरत रहे हैं। हालांकि जिले में कोविड-19 नियमों का उल्लंघन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है, फिर भी कई लोग बेपरवाह बने हुए हैं।

जिले में गत एक पखवाड़े से कोरोना बेकाबू हो गया है। मार्च में हर दिन औसत 33 से अधिक नए संक्रमित सामने आए हैं। मार्च माह के अंतिम दिन बुधवार को जिले में 84 नए पाजिटिव मरीज सामने आए। 34 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। रतलाम के सेठजी का बाजार निवासी 85 वर्षीय महिला की मौत हो गई। महिला को 25 मार्च को मेडिकल कालेज में भर्ती किया गया, जहां उनकी मृत्यु हो गई। मार्च माह में 10 और अब तक कुल 92 मौतें हो चुकी हैं।

जिला महामारी नियंत्रक डा. गौरव बोरीवाल ने बताया कि लापरवाही के कारण जिले में संक्रमण की रफ्तार बढ़ रही है। आमजन को सख्ती के साथ कोरोना गाइड लाइन का कड़ाई से पालन करना चाहिए। हमेशा मास्क लगाकर रखें। हाथों को बार-बार साबुन/सैनिटाइजर से धोएं। हर जगह शारीरिक दूरी का पालन करें। भीड़-भाड़ में जाने से बचें।





कोरोना गाइड-लाइन का सख्ती से पालन करने पर ही संक्रमण की चेन टूटेगी। स्वयं के साथ दूसरों के स्वास्थ्य की चिंता करना भी जरूरी है। – डा. दर्शना जैन, असिस्टेंट प्रोफेसर, शासकीय मेडिकल कालेज रतलाम



कोरोना संक्रमितों की बढ़ती संख्या चिंताजनक है। शासन-प्रशासन द्वारा लगातार नागरिकों की सुरक्षा का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे में हमारा भी दायित्व है कि हम नियमों का पालन करें। –डा. मोहनलाल परमार, आम्बा



घर के बड़े बुजुर्गों और बच्चों का विशेष ध्यान रखना जरूरी है। बच्चे और बुजुर्ग जल्द संक्रमित हो रहे हैं। बाजार में सख्ती का डंडा चलाना जरूरी है। –डा. संतोष घूपरे, सहायक प्राध्यापक, शास. मेडिकल कालेज, रतलाम



शासन-प्रशासन को कोरोना की रोकथाम के लिए सख्त कदम उठाने होंगे। वर्तमान में कई लोग लापरवाही बरतकर कोरोना फैलाने का कार्य कर रहे हैं। – दीपिका चौबे, गृहिणी



रतलाम के बाजार में बिना मास्क पहने बेखौफ होकर घूमते हुए लोग। ●नईदुनिया



कोरोना गाइड लाइन पालन में सख्ती होना चाहिए। आमजन भी मास्क पहनें। शारीरिक दूरी का पालन करें। कोरोना से बचाव में यही सबसे कारगर उपाय है। –पवन सोमानी, पूर्व पार्षद




कोरोना से बचाव के लिए मास्क पहनने के साथ दो गज की दूरी का पालन करना अतिआवश्यक है। सावधानी से ही कोरोना से बचा जा सकता है। – रूपेश राठौड़, लैब टेक्नीशियन, शासकीय कला व विज्ञान महाविद्यालय रतलाम



सामाजिक स्तर पर लोगों को जागरूक करें। गाइड लाइन का पालन करके ही संक्रमण रोका जा सकता है। जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें। – डॉ. अनम काजी, शासकीय कला व विज्ञान महाविद्यालय रतलाम

| कोरोना अब तक | कुल सैंपल | पाजिटिव | स्वस्थ हुए | मौत | एक्टिव मरीज |
|---|---|---|---|---|---|
| | 94087 | 5516 | 4774 | 92 | 650 |




### शहर में कोरोना की शुरुआत



शहर में कोरोना का पहला मरीज 11 अप्रैल को मिला था। मोचीपुरा निवासी जूता व्यापारी के पाजिटिव आते ही हड़कंप मच गया था। मरीज को ताबड़तोड़ पहले मेडिकल कालेज, फिर उज्जैन रैफर किया गया। इसके पहले चार अप्रैल 2020 को इंदौर में रतलाम के हाट रोड निवासी एक 60 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई थी। उसका शव रतलाम लाकर जनाजा निकालते हुए दफनाया गया। बाद में मृतक के कोरोना पाजिटिव होने की बात सामने आई तो लोहार रोड क्षेत्र में करीब तीन किमी हिस्से को कंटेनमेंट क्षेत्र बनाया गया। आवाजाही बंद कर कंटेनमेंट क्षेत्रों में जरूरी चीजों की सप्लाई नगर निगम के माध्यम से कराई गई।

## निगम की अपील अपने घर-दुकान या चौराहे पर रंगोली बनाकर दिखाएं शहर को सुंदर

# शहर के सभी वार्ड जीरो वेस्ट बनने पर आज निगम बनवा रहा 1001 रांगोली

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क

रांगोली के माध्यम से स्त्रोत पर कचरा पृथक्कीकरण हेतु नागरिकों को जागरूक करने हेतु रतलाम नगर के विभिन्न स्थलों पर बनाई गई रांगोली राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कर चुकी है जो रतलाम शहर के तीन लाख लोगों के लिए हर्ष और गर्व का विषय है।

वस्तुतः जीरो वेस्ट वार्ड कचरे का विकेन्द्रीकृत प्रसंस्करण है सभी घरो से सेग्रीगेटेड कचरे को एकत्रित किये जाने पर पूरे शहर में उत्साह है व रतलाम नगर के सभी 49 वार्डो को जीरो वेस्ट वार्ड जाने पर नगर के सभी कचरा मुक्त स्थल, उद्यान, प्रमुख चौराहे-तिराहे, वार्ड के प्रमुख चौराहे-तिराहे, महापुरूषों की प्रतिमा स्थल, ट्यूबवेल-हेण्डपम्प आदि स्थानों पर आज 31 मार्च बुधवार को 1001 रांगोली का निर्माण कलेक्टर व नगर निगम प्रशासक गोपालचंद डाड के निर्देश और निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के कुशल मार्गदर्शन में बनाई जायेगी।

### निभाएं अपनी भागीदारी...

नगर निगम आयुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत रतलाम शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के प्रयास तेजी से जारी है।

इन्ही प्रयासों के चलते कचरामुक्त स्थानों के साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर रांगोली निर्माण कर नागरिकों को स्वच्छता का स्वच्छता का संदेश दिया गया है। इसी कड़ी में इस अभियान में समूचे शहर को जोड़ते हुए आज 31 मार्च बुधवार को सभी नागरिक अपनी भागीदारी निभाएगे। रतलाम ओडीएफ प्लस-प्लस घोषित हो चुका है इसी के साथ रतलाम शहर को स्वच्छता रैंकिग 5 स्टार में लाने के लिए रतलाम नगर निगम ने दावेदारी की है और इसके मापदण्डों को भी पूरा किए जाने के प्रयास सतत जारी है। इसी के तहत रतलाम शहर के 49 ही वार्ड जीरो वेस्ट में तब्दिल किए जा चुके है। रतलाम शहर को स्वच्छता की दौड़ में नम्बर -1 बनाने के प्रयासों के चलते ही विगत अक्टूबर माह से कचरा मुक्त स्थलों पर रांगोली का निर्माण कराया जा रहा है, जिसके सकारात्मक परीणाम मिले है और साफ सफाई के प्रति लोगों की सोच भी सकारात्मक होने लगी है।

### रंगोली के माध्यम से स्वच्छता सबको एक करेगी...

श्री झारिया ने रतलाम शहर के सभी सम्माननीय नागरिकों से अपील की है कि 31 मार्च बुधवार को अपने कार्यालय, घर, दुकान, पार्क, चौराहा, तिराहे इत्यादि की सफाई करवाकर विभिन्न उद्देश्यों को दर्शित कर रंगोली बनायें जिससे पूरे नगर में स्वच्छता के प्रति सुन्दर भाव जागे। उन्होंने कहा कि गंदगी सबको अलग-थलग करती है किन्तु रंगोली के माध्यम से स्वच्छता सबको एक करेगी। एकता में ही तो शक्ति है। रतलाम नगर को पूरे देश में नंबर 1 बनाने के लिए शहर के सभी वार्डों को कचरा मुक्त बनाकर ही रैंकिंग प्राप्त की जा सकती है।

कर्मचारियों के वेतन और पीएफ की गणना अभी नहीं

# लागू नहीं होंगे नए लेबर कोड्स

नई दिल्ली ● 31 मार्च ( वा )

वेतनभोगी कर्मचारियों के हाथ में एक अप्रैल से कम वेतन नहीं मिलेगा। सरकार चार नए लेबर कोड्स को अगले वित्त वर्ष यानी एक अप्रैल से लागू नहीं कर रही है। राज्य अभी इन कोड्स से संबंधित नियमों को अंतिम रूप दे रहे हैं। इसका मतलब है कि अगले महीने से निजी कर्मचारियों की टेक होम सैलरी और पीएफ योगदान में कोई परिवर्तन नहीं आएगा। जब ये श्रम संहिताएं लागू हो जाएंगी, उसके बाद ही कर्मचारियों की बेसिक सैलरी और पीएफ की गणना मे महत्वपूर्ण बदलाव होगा। इन 4 लेबर कोड्स में वेतन, मजदूरी संहिता, औद्योगिक संबंधों पर संहिता, काम विशेष से जुड़ी सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्यस्थल की दशाओं पर संहिता और सामाजिक व व्यावसायिक सुरक्षा संहिता शामिल हैं। श्रम मंत्रालय ने पहले इन लेबर कोड्स को नए वित्त वर्ष अर्थात एक अप्रैल 2021 से लागू करने की परिकल्पना की थी। अब नियोक्ताओं को नए वेज कोड के अनुसार, अपने कर्मचारियों की सैलरी का पुनर्गठन करने के लिए अधिक समय मिल गया है।

**दीनदयाल अंत्योदय योजना नवगठित 29 नगरीय निकायों में भी होगी लागू**

( देखें अंतिम पृष्ठ)

स्वदेश

नवभारत

## कर्मचारियों– अधिकारियों ने टीकाकरण करवाया

रतलाम। जिले के समस्त शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों
का पंजीयन कोविड–19 पर करवा कर उनके टीकाकरण का कार्य
किया जा रहा है। इसके तहत बुधवार को जिले के विभिन्न टीकाकरण
केंद्रों पर शासकीय अधिकारियों– कर्मचारियों ने टीकाकरण
करवाया। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा आगामी
निर्वाचन कार्य को दृष्टिगत रखते हुए समस्त शासकीय अधिकारियों–
कर्मचारियों को फ्रंटलाइन वर्कर्स मानते हुए उनके टीकाकरण का
कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अंतर्गत जिले में भी
शासकीय अधिकारियों– कर्मचारियों का कोविड–19 टीकाकरण
कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– पत्रिका ——पृष्ठ 15 ...दिनांक 01/04/2021

**सीएम ने लिया निर्णय** बोले- रविवार के अलावा अन्य किसी दिन पाबंदी नहीं

# लॉकडाउन के अधिकार कलेक्टरों को, 20 से ज्यादा जिले हैं रडार पर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

भोपाल. सरकार ने कोरोना के बढ़ते कहर के बीच रविवार को लॉकडाउन के अधिकार कलेक्टरों को सौंप दिए हैं। कलेक्टर शनिवार रात 9 या 10 बजे से सोमवार सुबह 6 बजे तक के लिए लॉकडाउन लगा सकेंगे। इसके लिए कलेक्टरों को सरकार से अनुमति लेनी होगी। सरकार ही इसका ऐलान करेगी।

बुधवार को सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कलेक्टर चाहें तो स्थानीय जरूरत के हिसाब से क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप की बैठक में चर्चा कर लॉकडाउन लगा सकते हैं। रविवार के अलावा किसी अन्य दिन लॉकडाउन नहीं होगा। सीएम ने कहा, लॉकडाउन से अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है, इसलिए स्थानीय स्थिति के हिसाब से ही निर्णय करें। अभी 12 शहरों में लॉकडाउन है।

रविवार को लॉकडाउन का दायरा अधिकतर जिलों तक पहुंच सकता है। 20 से ज्यादा जिलों के कलेक्टर पहले से ही लॉकडाउन की मांग कर रहे थे, लेकिन सरकार मंजूरी नहीं दे रही थी।

### अस्पतालों में मरीजों की भीड़



भोपाल. तस्वीर जेपी अस्पताल की है। यहां ओपीडी के लिए कतार में मरीज।

## महाराष्ट्र: बसों पर 15 तक रोक

मध्यप्रदेश में महाराष्ट्र से बसों की आवाजाही पर प्रतिबंध 15 अप्रेल तक बढ़ा दिया गया है। साथ ही महाराष्ट्र से सटी सीमाओं पर सख्ती बढ़ाने का निर्णय किया गया है। इसके तहत वहां से आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की स्क्रीनिंग और मॉनिटरिंग अनिवार्य कर दी गई है। ट्रेन और हवाई जहाज से बाहरी राज्यों से आने वाले यात्रियों पर भी विशेष निगरानी और स्क्रीनिंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश में भी सार्वजनिक परिवहन पर सख्ती रहेगी। भोपाल, इंदौर, जबलपुर सहित ज्यादा संक्रमण वाले जिलों में सार्वजनिक परिवहन में कोरोना गाइडलाइन के पालन के निर्देश दिए गए हैं।

### सरकार ने एस्मा लगाया

सरकार ने बुधवार को एस्मा लगा दिया। इसके तहत स्वास्थ्य सेवाओं को 3 माह के लिए अत्यावश्यक सेवा में शामिल किया गया है। स्वास्थ्य सेवाओं में शामिल लोग काम करने से इनकार नहीं कर सकेंगे।

**एक दिन में रेकॉर्ड**

### 2332 नए संक्रमित, 9 लोगों ने दम तोड़ा

बीते 24 घंटे में राज्य में 2332 नए संक्रमित सामने आए। इस साल का यह सबसे बड़ा आंकड़ा है। संक्रमण की दर भी 10.1% पर पहुंच गई है। इंदौर में 643, भोपाल में 498, जबलपुर में 161 और ग्वालियर में 55 नए मरीज मिले। नौ लोगों ने दम तोड़ दिया। अभी प्रदेश में 17,096 एक्टिव केस हैं।

# 49 वार्ड जीरो वेस्ट बनने पर नगर में बनेगी 1001 रांगोली

## नागरिकों भी घर, दुकान, पार्क और वार्डो में रांगोली बनाकर दे स्वच्छता का संदेश

सिंघम रिपोर्टर □ रतलाम

रांगोली के माध्यम से स्त्रोत पर कचरा पृथक्कीकरण हेतु नागरिकों को जागरूक करने हेतु रतलाम नगर के विभिन्न स्थलों पर बनाई गई रांगोली राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कर चुकी है जो रतलाम शहर के तीन लाख लोगों के लिए हर्ष और गर्व का विषय है। वस्तुतः जीरो वेस्ट वार्ड कचरे का विकेन्द्रीकृत संस्करण है सभी घरो से सेग्रीगेटेड कचरे को एकत्रित किये जाने पर पुरे शहर में उत्साह है व रतलाम नगर के सभी 49 वार्डों को जीरो वेस्ट वार्ड जाने पर नगर के सभी कचरा मुक्त स्थल, उद्यान, प्रमुख चौराहे-तिराहे, वार्ड के प्रमुख चौराहे-तिराहे, महापुरुषों की प्रतिमा स्थल, ट्यूबवेल-हैण्डपम्प आदि स्थानों पर 31 मार्च बुधवार को 1001 रांगोली का निर्माण कलेक्टर व नगर निगम प्रशासक श्री गोपालचंद डाड के निर्देश और निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के कुशल मार्गदर्शन में बनाई जायेगी।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत रतलाम शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के प्रयास तेजी से जारी है। इन्ही प्रयासों के चलते कचरामुक्त स्थानों के साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर रांगोली निर्माण कर नागरिकों को स्वच्छता का स्वच्छता का संदेश दिया गया है। इसी कड़ी में इस अभियान में समूचे शहर को जोड़ते हुए आज 31 मार्च बुधवार को सभी नागरिक अपनी भागीदारी निभाएंगे। रतलाम ओडीएफ प्लस-प्लस घोषित हो चुका है इसी के साथ रतलाम शहर को स्वच्छता रैंकिंग 5 स्टार में लाने के लिए रतलाम नगर निगम ने दावेदारी की है और इसके मापदण्डों को भी पूरा किए जाने के प्रयास सतत जारी है। इसी के तहत रतलाम शहर के 49 ही वार्ड जीरो वेस्ट में तब्दिल किए जा चुके है।

रतलाम शहर को स्वच्छता की दौड़ में नम्बर -1 बनाने के प्रयासों के चलते ही विगत अक्टूबर माह से कचरा मुक्त स्थलों पर रांगोली का निर्माण कराया जा रहा है, जिसके सकारात्मक परीणाम मिले है और साफ सफाई के प्रति लोगों की सोच भी सकारात्मक होने लगी है।

श्री झारिया ने रतलाम शहर के सभी सम्माननीय नागरिकों से अपील की है कि 31 मार्च बुधवार को अपने कार्यालय, घर, दुकान, पार्क, चौराहा, तिराहे इत्यादि की सफाई करवाकर विभिन्न उद्देश्यों को दर्शित कर रंगोली बनायें जिससे पूरे नगर में स्वच्छता के प्रति सुन्दर भाव जागे।

उन्होने कहां कि गंदगी सबको अलग-थलग करती है किन्तु रंगोली के माध्यम से स्वच्छता सबको एक करेगी। एकता में ही तो शक्ति है। रतलाम नगर को पूरे देश में नंबर 1 बनाने के लिए शहर के सभी वार्डों को कचरा मुक्त बनाकर ही रैंकिंग प्राप्त की जा सकती है।

हमे पूरा विश्वास है कि आप सभी नागरिक गण रतलाम में रंगोली के माध्यम से दिनांक 31 मार्च को स्वच्छता क्रांति में शामिल होंगे। शहर में होने वाले इस रांगोली निर्माण के बाद बेहतर रांगोली का निर्माण और इसके माध्यम से स्वच्छता का संदेश देने वाले महानुभाव को नगर पालिक निगम की ओर से सम्मानित भी किया जाएगा।

## पॉलीथीन व डिस्पोजल आयटम चरणबद्ध तरीके से होगा प्रतिबंधित

सिंघम रिपोर्टर □ रतलाम

गंदगी का मुख्य कारण प्लास्टिक होने से शासन द्वारा पॉलीथीन बैग व डिस्पोजेबल आयटमों को प्रतिबंधित किया गया है। नगरीय क्षेत्र रतलाम में पॉलीथीन बैग व डिस्पोजेबल आयटमों पर चरणबद्ध तरीके से प्रतिबंध लगाये जाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बैठक में निगम अधिकारियों को निर्देशित किया।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने बैठक में निर्देषित किया कि 50 माईक्रोन से कम मोटाई की हैण्डल सहीत व हैण्डल रहीत पॉलीथीन को पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाना है इस हेतु व्यापक प्रचार प्रसार किया जाये साथ ही प्लास्टिक व थर्मोकॉल के डिपोजेबल आयटमों को भी प्रतिबंधित किया जाना है।

नागरिक व दुकानदार पॉलीथीन बैग के स्थान पर कपड़े की थैली, नारियल या जूट की थैली का उपयोग करें, प्लास्टिक व थर्मोकोल से निर्मित कप, ग्लास, कटोरी, चम्मच, कन्टेनर, स्ट्रॉ आदि के स्थान पर पेपर स्ट्रॉ, पेपर प्लेट, दोने पत्तल, पत्तो से निर्मित बाउल, केले के तने तथा नारियल के पत्तों से निर्मित प्लेट एवं बाउल, मिट्टी के कुल्हड़ आदि का उपयोग खाद्य एवं पेय पदार्थों के लिये करें इस हेतु प्रेरित किया जाये।

बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने पॉलीथीन व डिस्पोजेबल आयटमों के विक्रय, भण्डारण तथा उपयोग पाये जाने पर जब्ती व अर्थदण्ड की कार्यवाही किये जाने के निर्देष संबंधित को दिये।

सिंघम - 31

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–दे.भास्कर–पृष्ठ 09 दिनांक 01/04/2021

# सैलाना बस स्टैंड पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा के क्षतिग्रस्त 20 किलो के भाले को सुधारा जाए

## राजपूत समाज ने निगमायुक्त को दिया ज्ञापन

भास्कर संवाददाता | रतलाम



सैलाना बस स्टैंड पर महाराणा प्रताप प्रतिमा पर क्षतिग्रस्त भाला।

सैलाना बस स्टैंड स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा का भाला क्षतिग्रस्त हो चुका है। कभी भी यह गिर किसी को भी नुकसान पहुंचा सकता है। पूर्व में भी यह भाला दो बार क्षतिग्रस्त होकर उसे वेल्डिंग कर ठीक किया गया था। लगभग 20 किलो वजनी भाला गिरने पर कोई दुर्घटना हो उसके पूर्व इसे सुधार दिया जाए।

यह मांग श्री राजपूत नवयुवक मंडल, न्यास के पदाधिकारियों ने निगमायुक्त से की। लिखित में दिए गए मांग पत्र में पदाधिकारियों ने बताया कि लगभग डेढ़ साल पहले उक्त भाला दो बार क्षतिग्रस्त हो चुका है। अतः क्षतिग्रस्त होने के पहले सुधार दिया जाए। पदाधिकारियों ने बताया भाले का वजन लगभग 20 किलो से ज्यादा है। भाला वजनी होने के कारण किसी दिन दुर्घटना न हो जाए इसे लेकर हम चिंतित हैं। न्यास अध्यक्ष राजेंद्रसिंह गोयल, मंडल अध्यक्ष शैलेंद्रसिंह देवड़ा, टिकमसिंह सोलंकी, राजेंद्रसिंह पंवार, सुरेश सिंह चावड़ा, मनोहर सिंह चौहान, देवी सिंह राठौर सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# निगमायुक्त के नाम राजपूत समाज ने सौंपा ज्ञापन

## महाराणा प्रताप की विशाल प्रतिमा के छतिग्रस्त भाले को सुधारने ने की मांग की गई



रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क

श्री राजपूत नवयुवक मण्डल, न्यास के पदाधिकारियों ने महाराणा प्रतापचौक (सैलाना बसस्टेण्ड) पर स्थापित महाराणा प्रताप की विशाल प्रतिमा के छतिग्रस्त भाले को सुधारने अथवा बदलने जाने की मांग को लेकर नगर पालिक निगम में निगमायुक्त के नाम उपायुक्त विकास सोलंकी को एक ज्ञापन सौंपा। इसमें बताया कि निगम द्वारा पहले भी इस भाले को वैल्डींग से सुधारा गया था। यह फिर से टेड़ा हो होकर गिरने जैसी स्थिति में हो गया है। भाला वजनी है कोई र्दुघटना हो इसके पहले इसे जल्दी से जल्दी सुधारने का कार्य किया जाए।

इस अवसर पर न्यास अध्यक्ष राजेन्द्रसिंह गोयल, मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्रसिंह देवड़ा, टिकमसिंह सोलंकी, राजेन्द्रसिंह पंवार, सुरेशसिंह चावड़ा, मनोहरसिंह चौहान, देवीसिंह राठौर आदि पदाधिकारी मौजूद थे। 215

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में लिया गया फैसला

# दीनदयाल अंत्योदय योजना नवगठित 29 नगरीय निकायों में भी होगी लागू

## सातवां वेतनमान एवं कैरियर संवर्धन स्कीम

भोपाल, (प्रसं)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हुई कैबिनेट की बैठक में दीनदयाल अंत्योदय योजना- शहरी आजीविका (डे-एनयूएलएम) का प्रदेश की 378 नगरीय निकायों से विस्तार करते हुए, नवगठित 29 नगरीय निकायों में भी लागू करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार कैबिनेट ने तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के अंतर्गत इंजीनियरिंग एवं पोलीटेकनिक महाविद्यालयों के शिक्षकों एवं अन्य स्टाफ को भारत सरकार के राजपत्र एक मार्च 2019 में प्रकाशित अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) द्वारा अनुशंसित सातवां वेतनमान एवं कैरियर संवर्धन स्कीम का लाभ विशेष भत्तों को छोड़कर एक जनवरी 2016 से देने का अनुमोदन किया।

**विकास निधि की व्यवस्था:** कैबिनेट ने राष्ट्रीय उद्यानों, अभयारण्यों, चिड़ियाघरों के लिए राज्य शासन के आदेश 9 जुलाई 2008 द्वारा गठित विकास निधि की व्यवस्था के संबंध में वित्त विभाग एवं गाइडलाइन अनुसार निर्णय लेने का अनुमोदन किया।




बुधवार को भोपाल में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कैबिनेट की वर्चुअल बैठक ली।

## बालाघाट स्थित परिसंपत्ति के निर्वर्तन के लिए अनुमोदन

कैबिनेट ने वाणिज्यिक कर विभाग की वार्ड नंबर-22 अंबेडकर चौक, जिला बालाघाट स्थित परिसंपत्ति के निर्वर्तन के लिए एच-1 निविदाकार की उच्चतम निविदा मूल्य राशि 8 करोड़ 80 लाख रुपए का अनुमोदन करते हुए निविदाकार द्वारा निविदा मूल्य राशि 100 प्रतिशत जमा करने के बाद अनुबंध/रजिस्ट्री के निष्पादन की कार्यवाही जिला कलेक्टर द्वारा करने का निर्णय लिया गया।

## वाणिज्यिक कर अपील बोर्ड के लिए सृजित अस्थाई पद निरंतर रहेंगे

कैबिनेट ने मध्यप्रदेश वाणिज्यिक कर अपील बोर्ड के लिए सृजित 18 अस्थाई पदों को एक अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2022 तक निरंतर रखने का निर्णय लिया। मंत्रिपरिषद ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अफोर्डेबल हाउसिंग इन पार्टनरशिप (एएचपी) घटक में गैर मलिन बस्ती में निवासरत पात्रता रखने वाले ईडब्ल्यूएस श्रेणी के हितग्राहियों को भी केंद्र के समान राज्य अनुदान राशि स्वीकृत करने का निर्णय लिया। २१७

संकलन—नगर निगम, रतलाम अखबार- दै. भास्कर —पृष्ठ 02 ...दिनांक 01/04/...2021

# स्वच्छ अभियान : 100% जीरो वेस्ट वार्ड का उत्सव, 12 घंटे में 250 महिलाओं ने 1001 रंगोली सजाई

भास्कर संवाददाता | रतलाम



बुधवार सुबह सबसे पहले नगर निगम परिसर में सजाई गई रंगोली।

गार्बेज फ्री सिटी स्टार रेटिंग के मापदंड अनुसार सारे 49 वार्ड को जीरो वेस्ट बनाने का उत्सव बुधवार को 1001 रंगोली सजाकर मनाया गया। इसे अंजाम दिया 12 स्व सहायता समूह की 100 व महिला एवं बाल विकास विभाग की 150 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं ने। रंगोली सुबह 7 बजे शुरू होकर शाम 7 बजे तक बनाई गई।

ये रंगोलियां कचरा मुक्त सार्वजनिक स्थानों पर बनाई गई। एक ही दिन में 1001 रंगोली बनाकर नगर निगम प्रदेश नंबर वन बन गया है। इस दौरान नगर निगम की टीम महिलाओं के संबंधित जगह की सफाई के साथ रंगोली उपलब्ध करवाती गई। शुरुआत सुबह सबसे पहले नगर निगम परिसर से हुई, जहां स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह के मार्गदर्शन में रंगोली बनाई। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया रंगोली निर्माण लगातार चलेगा।

**इनका रहा सहयोग** -महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कार्यक्रम अधिकारी विनिता लोढ़ा, प्रेरणा तोगड़े, एहतेशाम अंसारी, मंजू वर्मा, हेमा गेहलोत, उषा सिंसोदिया, कुसुम चाहर, सोफिया कुरैशी, सीमा अग्निहोत्री, ज्योति शर्मा, लोकेश जाट, वैशाली वाघेमारे, गीता शर्मा, फातिमा सिद्दीकी, सपना अग्रवाल, विजया देराश्री, श्रीकृष्ण महिला समूह, सफाई मित्र समूह, स्वास्थ्य विभाग के आशीष चौरसिया, स्वच्छता निरीक्षक किरण चौहान, पर्वत हाड़े, दरोगा चंदन भाटी व अन्य।

# पॉलीथिन व डिस्पोजल सामग्री चरणबद्ध तरीके से होगा प्रतिबंधित

## आयुक्त ने बैठक में दिए आवश्यक निर्देश

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क

गंदगी का मुख्य कारण प्लास्टिक होने से शासन द्वारा पॉलीथीन बैग व डिस्पोजेबल आयटमों को प्रतिबंधित किया गया है। नगरीय क्षेत्र रतलाम में पॉलीथीन बैग व डिस्पोजेबल आयटमों पर चरणबद्ध तरीके से प्रतिबंध लगाये जाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बैठक में निगम अधिकारियों को निर्देशित किया।

निगम आयुक्त ने बैठक में निर्देशित किया कि 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की हैण्डल सहीत व हैण्डल रहीत पॉलीथीन को पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाना है इस हेतु व्यापक प्रचार प्रसार किया जाये साथ ही प्लास्टिक व थर्मोकॉल के डिस्पोजेबल आयटमों को भी प्रतिबंधित किया जाना है।

नागरिक व दुकानदार पॉलीथीन बैग के स्थान पर कपड़े की थैली, नारियल या जूट की थैली का उपयोग करें, प्लास्टिक व थर्मोकोल से निर्मित कप, ग्लास, कटोरी, चम्मच, कन्टेनर, स्ट्रॉ आदि के स्थान पर पेपर स्ट्रॉ, पेपर प्लेट, दोने पत्तल, पत्तो से निर्मित बाउल, केले के तने तथा नारियल के पत्तों से निर्मित प्लेट एवं बाउल, मिट्टी के कुल्हड़ आदि का उपयोग खाद्य एवं पेय पदार्थों के लिये करें इस हेतु प्रेरित किया जाये। बैठक में निगम आयुक्त ने पॉलीथीन व डिस्पोजेबल आयटमों के विक्रय, भण्डारण तथा उपयोग पाये जाने पर जब्ती व अर्थदण्ड की कार्यवाही किये जाने के निर्देश संबंधित को दिये।

# पानी की जर्जर टंकी तोड़ रहे थे, बिजली पोल पर गिरा मलबा, दीनदयालनगर क्षेत्र की बिजली बंद

## 6 घंटे तक परेशान हुए लोग, पंचनामा बनाकर अब ठेकेदार से वसूली करेंगे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

दीनदयालनगर में जर्जर हो रही पानी की टंकी तोड़ने के दौरान बुधवार दोपहर को इसका मलबा पास में लगे बिजली पोल पर गिर गया। इससे पोल क्षतिग्रस्त हो गया और बिजली बंद हो गई। चूंकि यह पोल ट्रांसफार्मर के पास ही लगा था। इससे दीनदयालनगर सेक्टर डी की बिजली बंद हो गई।

दोपहर 2.30 बजे बंद हुई बिजली रात 8.30 बजे चालू हुई। इससे छह घंटे तक लोग परेशान होते रहे। लोगों ने बिजली कंपनी को कॉल भी किया लेकिन थोड़ी देर में आ जाएगी यही जवाब मिला। इससे भीषण गर्मी में लोग बिजली के लिए परेशान होते रहे।

भाजपा के दीनदयाल मंडल उपाध्यक्ष सुरेंद्रसिंह भाटी ने बताया दोपहर में बिजली बंद हो गई। इस पर लगा कि थोड़ी देर में आ जाएगी, लेकिन नहीं आई। एक घंटे बाद भी जब नहीं आया तो बिजली कंपनी में फोन लगाया तो जवाब मिला की थोड़ी देर में आ जाएगी। हर घंटे यही जवाब मिला। रात 8.30 बजे बिजली आई। इससे भीषण गर्मी में परेशान होना पड़ा। बाद में पता चला पोल क्षतिग्रस्त हो गया था। यदि ऐसा था तो दूसरे ट्रांसफार्मर से बिजली चालू कर सकते थे। लेकिन कंपनी ने ऐसा नहीं किया। यदि बिल नहीं भरो और बिजली काटनी हो तो कंपनी एक मिनट की देर नहीं करती है लेकिन बिजली बंद हो जाए तो जनता भले ही परेशान हो बिजली कंपनी ध्यान ही नहीं देती।

### दूसरे ट्रांसफार्मर से बिजली सप्लाई बहाल कराई

शहर कार्यपालन यंत्री विनय प्रतापसिंह ने बताया मलबा बिजली पोल पर गिरने से पोल क्षतिग्रस्त हो गया। चूंकि ट्रांसफार्मर के पास का पहला पोल ही क्षतिग्रस्त हुआ तो जहां तक लाइन जा रही थी उस सेक्टर की बिजली बंद हो गई। इसके बाद अन्य ट्रांसफार्मर से जोड़ दी है। पंचनामा बनाया जाएगा और ठेकेदार से वसूली की जाएगी।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–पत्रिका-----पृष्ठ 01...दिनांक 01/04/...2021

हर चौराहे पर जाकर आयुक्त ने देखा काम

# नंबर 1 की तैयारी : रात नौ से तीन बजे तक चला स्वच्छता अभियान








पत्रिका सिटी लाइव


पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com


रतलाम. रात के करीब 1.28 बज रहे थे, कोर्ट तिराहे पर संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को दमकल की मदद से साफ किया जा रहा था। करीब जाकर देखा तो स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी सहित नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया भी साइकल के साथ खड़े थे। पूछने पर जानकारी दी गई रात 9 बजे से अभियान शुरू हुआ है, यह रात 3 बजे तक शहर के अलग-अलग चौराहों से चलता रहा।

## दो बत्ती पर रात 9 बजे

रात करीब 9 बजे सबसे पहले नगर निगम के स्वच्छता विभाग के प्रभारी एपीसिंह दलबल के साथ दो बत्ती आए थे। महाराजा सज्जनसिंह की प्रतिमा पर पानी की बौछार की गई। करीब 40 मिनट तक सफाई के बाद अन्य कर्मचारियों को दमकल की मदद से ही उपर चढ़ाया गया व रेशमी कपड़े से साफ किया गया।

## रात 1.28 बजे कोर्ट के करीब अभियान चला

रात करीब 1.28 बजे संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा के करीब छत्रिपुल पर आया। करीब 45 मिनट तक तेज पानी डालकर प्रतिमा को साफ किया। आयुक्त झारिया को सूचना मिली की नेहरू स्टेडियम के करीब कोई गंदगी डालने आया है तो वे साइकल से ही निकल लिए।

असल में स्वच्छता का यह अभियान रात करीब 9 बजे मंगलवार रात शुरू हुआ। रात करीब 12 बजे बाद आयुक्त झारिया ने स्वास्थ्य विभाग प्रभारी सिंह ने उनकी लोकेशन ली व स्वयं साइकल से आए गए। रात करीब 3 बजकर 10 मिनट तक आयुक्त दल बल के साथ रहे।

## सभी का मिले साथ तो होंगे नंबर एक

सुबह हो या दोपहर या रात, बस एक लगन है एक बार रतलाम का नाम स्वच्छता में देशभर में नंबर एक पर लाना है। कभी भी दल जांच के लिए आ सकता है। अभी भी कई मोहल्लों में आमजन सड़क पर कचरा डालना बंद नहीं कर रहे है। ऐसे लोग के फोटो वीडिओ बनाकर 9644000400 नंबर पर वाट्सएप किया जाए।

**- सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

पत्रिका